**खबर संक्षेप**

### धार्या और वत्सल का शुयश



**भुआबिछिया।** नगर के इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल बिछिया के कक्षा आठवीं की छात्रा धार्या कुलेश ने 90.6% और वत्सल खरे ने 88.3% अंक अर्जित के पूरे नगर में क्रमशः प्रथम और द्वितीय उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर संपूर्ण बिछिया को गौरवान्वित किया गया है। सम्पूर्ण शाला परिवार और नगरवासी उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### जिला परियोजना अधिकारी ने किया निवास परियोजना का निरीक्षण

**मण्डला।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए प्रशासनिक सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में आज जिला परियोजना अधिकारी श्री उमेश सिंगरौली द्वारा परियोजना क्रमांक-2 निवास क्षेत्र का सघन भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी श्री सिंगरौली ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत चल रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संरचनाएं ऐसी हों जिनकी भविष्य में वास्तविक उपयोगिता सिद्ध हो सके और वे जल स्तर सुधारने में सहायक बनें। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गिरते भू-जल स्तर को रोकना और पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजना है।

**हरदौल लाला मंदिर से प्रारंभ हुई प्रभू श्रीराम की शोभायात्रा**

# जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रामनवमी के अवसर पर पूरा शहर भगवा रंग में रंगा हुआ था नववर्ष के प्रारंभ होते हुये पूरे नगर को भगवा कर दिया गया था नगर के प्रत्येक चौराहे, प्रमुख गलियाँ और सड़कों पर जहां देखों भगवा ध्वज एवं भगवा झण्डी ही नजर आती थी कल रामनवमी पर प्रातः जहां एक विशाल वाहन रैली बिंझिया स्थित खैरमाई मंदिर से निकाली तो वहीं शाम को रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकली।

इस शोभायात्रा में भगवान राम की विशेष झांकियाँ शामिल थीं हरदौल लाला मंदिर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा उदयचौक, कचहरी मौहल्ला होते हुये आजाद बाद पहुंची जहां से सिंहवाहिनी मंदिर और बुधवारी होते हुये पड़ाव और फिर समाचार लिखे जाने तक यहां से आगे प्रस्थान कर रही थी।





शोभायात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्त श्रद्धालु युवक, बच्चे, नागरिकगण और महिलायें शामिल थे शोभायात्रा में मण्डला सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रदेश शासन की केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके अपने समर्थकों के साथ शामिल हुये इन्होंने शोभायात्रा में पैदल काफी लम्बा सफर तय किया।

शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में उत्साही युवा जय श्रीराम का उद्घोष करते चल रहे थे जगह-जगह भगवान राम के इन भक्तों का शीतल पेयजल, मिष्ठान, लड्डू एवं अन्य व्यंजनों के साथ स्वागत किया जा रहा था।

नगर के हरदौल लाला मंदिर प्रागंण में विराजमान भगवान राम की रामनवमीं की संध्या पर महाआरती करते हुए भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण की जीवंत झांकी और हनुमान की झांकियां सजाई गईं। शोभायात्रा में शामिल श्रृद्धालु भगवा ध्वज लहराते हुए भजन-कीर्तन करते हुए और जय श्रीराम के नारे लगाते हुए पूरे शहर में भ्रमण करते रहे। शोभायात्रा मार्ग को विशेष रूप से सजाया गया था। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे जहां पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। स्थानीय नागरिकों ने भी अपने घरों और दुकानों को सजाकर इस पर्व को उत्सव के रूप में मनाया। कई स्थानों पर भक्तों के लिए शीतल पेयजल, फल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी जिससे सेवा भावना का भी सुंदर उदाहरण देखने को मिला। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड और स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। रामनवमी का पर्व बड़े ही उत्साह और श्रृद्धा के साथ मनाया गया। वहीं गांव-गांव में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और झांकियों का आयोजन हुआ। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मंदिरों में पूजा-अर्चना कर भगवान राम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कई गांवों में पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से भी इस पर्व को मनाया गया जिससे स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। महिलाओं और बच्चों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया

### रामनवमी पर निकली भव्य वाहन महारैली

मंडला में रामनवमी के मौके पर रविवार को सनातन धर्मोत्सव परिवार ने वाहन रैली निकाली। यह रैली बिंझिया के खेरमाई मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य रास्तों से गुजरी, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

रैली में सबसे आगे भगवान श्रीराम का रथ और भगवा झंडे लहरा रहे थे। लोग भजन-कीर्तन करते और 'जय श्रीराम' के नारे लगाते हुए चल रहे थे। शहर में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे, जहां फूलों की बारिश कर रैली का जोरदार स्वागत किया गया।

### कैबिनेट मंत्री ने किया स्वागत

कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने अपने निवास के सामने बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा और कार्यकर्ताओं के साथ रैली का स्वागत किया। उन्होंने सभी को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि आज पूरा शहर राम के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

### 12 सालों से जारी है परंपरा

आयोजक समिति के रंजीत कछवाहा ने बताया कि यह वाहन रैली पिछले 12 सालों से लगातार निकाली जा रही है। खास बात यह है कि इस संगठन में कोई पद नहीं है, सभी लोग मिलकर सनातन संस्कृति को बचाने के लिए काम करते हैं। इस बार पहली बार सनातन धर्मोत्सव परिवार और हरदौल लाला मंदिर समिति ने मिलकर शहर की सजावट और कार्यक्रमों की योजना बनाई।

भाईचारे और नियमों का संदेश।

रैली का मुख्य मकसद आपसी भाईचारा और अपनी परंपराओं को सहेज कर रखना था। रंजीत कछवाहा के अनुसार, रैली के दौरान प्रशासन और पुलिस के सभी नियमों का पालन किया गया और पुलिस का भी इसमें पूरा सहयोग रहा। वाहन रैली खत्म होने के बाद शाम को हरदौल लाला मंदिर समिति द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई।









## देवी पुराण का समापन आज विशाल भंडारा



**नारायणगंज।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देवी पुराण का आयोजन 18 मार्च से 28 मार्च तक किया गया जिसमें वृंदावन से पधारे पुराण वाचक द्वारा मां दुर्गा देवी के 9 स्वरूपों का गुणगान कर चारों तरफ भक्ति में मत बना दिया गया देवी पुराण का आयोजन यजमान रामकुमार सोनी द्वारा किया गया जिसमें आसपास के सभी धर्म लंबी जिन्होंने एवं पुरुष महिलाओं ने 18 मार्च से महादेवी के सभी रूपों का गुणगान एवं उनकी महिमा के बारे में कथा वाचक द्वारा बताया गया इस अवसर में पधारे बच्चू महाराज द्वारा देवी पुराण में आकर सभी भक्तों को देवी महिमा के बारे में बताया एवं सभी लोगों का मार्गदर्शन किया विगत 9 दिनों से लगातार देवी पुराण का आयोजन कर लोगों को धर्म का लाभ मिला इस अवसर पर 28 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## अनजाने हुए पापों की मुक्ति के लिए देवी भागवत पुराण सुनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बीजाडांडी



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर में बीजाडांडी नगर के राममंदिर में श्रीमद् देवी भागवत पुराण का आयोजन किया गया है। ब्रह्मलीन भागवत भूषण वेदाचार्य महेश प्रसाद उपाध्याय के सुपुत्र आचार्य किशोर कृष्ण उपाध्याय के श्रीमुख से देवीपुराण का वाचन किया जा रहा है। कल आठवें दिवस की कथा में आचार्यश्री ने कहा कि _₹समस्त मनुष्यों से जाने-अनजाने में पाप हो ही जाते हैं, उन पापों को मिटाना होगा, तभी हम परम् पिता के श्रीचरण प्राप्त कर पाएंगे। वेदों ने पापमोचन के अनेकों उपाय बताए हैं, जिसमें श्रीमद् देवी भागवत पुराण सहज और सुलभ साधन है। धर्मानुरागियों को चाहिए कि जहां भी पुराण कथा चले, एकाग्र भाव से अवश्य सुनें। पुराण आयोजनकर्ता शिवा महाकाली समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा सुनने विकासखण्ड के अनेक ग्रामों से भक्तजन आ रहे हैं, साथ ही गुरूजी के शिष्यमंडल जबलपुर एवं अनान्य स्थलों से कथा श्रवण करने बहुतायत संख्या में आ रहे हैं। ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास से कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और कथा सुन रहे हैं। इस पुराण कथा में पं. रविदत्त शास्त्री जबलपुर एवं अदिति देवी उपाध्याय ने पूजनाचार्य का कार्य सम्पन्न किया। शनिवार को विशाल भंडारा होगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को पहुंचने की अपील की जाती है।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ नारायणगंज बैठक संपन्न



**नारायणगंज।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा नारायणगंज की बैठक दिनांक 25/03/2026 को ब्लॉक अध्यक्ष श्री शेख रहमान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुरानी पेंशन, TET परीक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को संघ के समक्ष रखा। संघ द्वारा सभी शिक्षक कर्मचारियों को धैर्य बनाए रखने की बात कही गई। साथ ही, जिला एवं प्रांतीय स्तर से जो भी निर्णय होगा इस आधार पर आगामी रणनीति तैयार करने की बात कही गई। उपस्थित पदाधिकारी एवं शिक्षक सुभाष साहू सहदेव मरावी रामकिशोर तिलसिया अशोक यादव दिवेश सोनी नरेंद्र सिंगरौरे हेमंत मरावी चैन सिंह मरावी अजय मरावी सुशील मरावी नर्मदा मरावी देवी सिंह धुर्वे सहपत मरावी चंद्रभान धनगर संतराम यादव महेंद्र मरावी रामकुमार नरते मनोज सरवटे रामदयाल बरकडे अनिल बैरागी सेवक लाल बरकडे पुष्पा कुलेश गंगोत्री बरकडे अर्चना मरकाम तरुण मरावी संतोष भवेदी शिक्षकों की उपस्थित रही।

**आयोजन** | **हजारों की संख्या में नर्मदा भक्त व्यास नारायण मंदिर में संकल्प लेकर प्रारंभ करेंगे परिक्रमा।**

# उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का सामूहिक आयोजन

**ग्राम घाघा में होगा रात्रि विश्राम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला महिष्मती नगरी को माँ नर्मदा का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है इस नगर को माँ नर्मदा ने तीन ओर से प्रवाहित होकर विशेष आर्शीवाद दिया है इसके अलावा एक ओर उपलब्धि मण्डला महिष्मती नगरी को माँ नर्मदा के द्वारा मिली है वह उत्तरवाहिनी परिक्रमा के रूप में है। पिछले 06 वर्षो से नगर में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का आयोजन एक वृहद रूप लेता जा रहा है।

### क्या है उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा

पुराणों में बताया गया है कि जो भी नर्मदा भक्त या गृहस्थ आश्रम में रहने वाला माँ नर्मदा की पूरी परिक्रमा नहीं कर पाता उसे उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा के रूप में एक बेहतर विकल्प प्राप्त है चैत्र माह में जो भी व्यक्ति माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा करता है उसे पूर्ण परिक्रमा का पुण्य लाभ प्राप्त होता है उत्तरवाहिनी परिक्रमा से आशय कि जितने क्षेत्र में माँ नर्मदा उत्तर दिशा की ओर प्रवाहित हुई हैं उस क्षेत्र की परिक्रमा की जाती है।

बताया जाता है कि उत्तर में कैलाश पर्वत विराजमान है जहां पर कि साक्षात शिव विराजते हैं उस दिशा में माँ नर्मदा प्रवाहित होती है तो वे मोक्षदायिनी हो जाती हैं और इसी क्षेत्र की परिकमा उत्तरवाहिनी परिक्रमा कहलाती है।

### कहां से प्रारंभ होगी परिक्रमा

मण्डला की उत्तरवाहिनी परिक्रमा किले वार्ड स्थित व्यास नारायण मंदिर से प्रारंभ होगी नर्मदा परिक्रमा में व्यास नारायण की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है जो दण्ड लेकर परिक्रमावासी चलते हैं वह व्यास नारायण का ही स्वरूप माना जाता है दण्ड के ही माध्यम से व्यास नारायण के तप के बाद भगवान भोलनाथ के आर्शीवाद स्वरूप माँ नर्मदा ने अपनी प्रवाह की दिशा बदली थी और तब कहीं भगवान व्यास का यह आश्रम दक्षिण तट से उत्तर तट में आया था। यही कारण है कि प्रत्येक परिक्रमावासी दण्ड लेकर परिक्रमा करता है और हम बड़े सौभाग्यशाली है कि इस स्थान से हम अपनी उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा संकल्प लेकर प्रारंभ करते हैं।

व्यास नारायण मंदिर से संकल्प पूजा के बाद परिक्रमावासी संगम तट पहुंचेंगे जहां से मंगलेश्वर मंदिर होते हुये कारीकोन तिराहा, दादा धनीराम आश्रम के दर्शन करते हुये मानादेई, सुरंगदेवरी और सिलपुरा पहुंचेंगे सिलपुरा में दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई है भोजन के बाद थोड़ा विश्राम कर यात्रा आगे प्रस्थान करेगी सनकुही, भैंसादाह होते हुये परिक्रमा ग्राम घाघा पहुंचेगी जहां परिक्रमा का रात्रि विश्राम एवं रात्रि का भोजन होगा संध्याकाल माँ रेवा की महाआरती होगी और फिर भजन कीर्तन का सिलसिला प्रारंभ होगा जो कि देर रात तक चलेगा।

29 मार्च को सुबह परिक्रमावासी स्नान पूजन के पश्चात घाघी घाट पहुंचेंगे जहां से तट परिवर्तन किया जायेगा तट परिवर्तन करने में थोड़ा समय लगेगा परिक्रमावासी तट परिवर्तन कर जब बबैहा घाट की ओर उतरेंगे तो वहीं घाट पर बाल भोग की व्यवस्था मधुरम स्वीट्स एवं उनके सहयोगी के द्वारा की गई है।

## मोहगांव में 19 सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

**मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




विकासखण्ड मोहगांव के विभिन्न गांवों की समस्याओं को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा 13 फरवरी से बड़े चौहट्टा मोहगांव में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन और पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन आज तक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 08 बोध सिंह मरकाम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी 19 प्रमुख मांगों को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में सात दिवस के भीतर समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई थी, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

धरना स्थल पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) भी पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार समस्याओं के समाधान को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी निम्नलिखित 19 मांगें रखी हैं -जनपद क्षेत्र क्रमांक 08 अंतर्गत ग्राम झुरकी पोंडी, मानपुर, निगर मलवाही, निगर चावलटोला आदि गांवों में पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था की जाये। विकासखण्ड मोहगांव में सब्जी मंडी एवं गल्ला मंडी की स्थापना की जाये। ग्राम खाल्हेडोंगरी से टिकरा निगोरी तक पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाये। मोहगांव में कृषि महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की जाये। ग्राम पंचायत झुरकीपोंडी के पोषक ग्राम झुरकी वार्ड क्रमांक 01 नावघाट मोहल्ले के बीच नाला पर पुलिया निर्माण कराया जाये। प्राथमिक शाला झुरकी से हाई स्कूल पोंडी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाये। ग्राम पंचायत निगरमलवाही के पोषक ग्राम रमपुरी तालाब टोला भारतीय मोहल्ला वार्ड क्रमांक 04 में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जाये। ग्राम पंचायत खाल्हेडोंगरी के हरिजन मोहल्ला में पुलिया निर्माण कराया जाये। ग्राम पंचायत निगरमलवाही के कुंडाटोला में आवागमन के लिए सड़क निर्माण कराया जाये। ग्राम पंचायत निगोर अंतर्गत आमाटोला में प्राशाला भवन निर्माण कराया जाये।

# एक चिंगारी ने अन्नदाता की गेंहू फसल चंद मिनिटों में जलाकर कर दी खाक









**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जब किसान अपने खेतों में किसी फसल की बोनी करता है तो निश्चित ही वह अपने दिल में अनेक सपने संजोकर उस फसल के माध्यम से पूरा करने की सोच बनाते हुये दिन रात एक करते हुये खेतों में सिंचाई से लेकर फसल को बचाने के लिये अनेक प्रकार के कीट नाशक दबाईयों का उपयोग करते हुये लागत लगाने में कोई नही छोड़ता है। इस तरह लोगों की लापवाही के चलते अन्नदाता के सपने टूटने में चंद मिनिट नही लगते है और किसान की खून पसीने की कमाई बर्बाद होने से नही चूक पाती है। शेष रह जाता है तो किसानों की आंखों में मात्र आंसू...। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार की दोपहर सालीचौका क्षेत्र के समीप पनागर व आंडेगांव मौजा में देखने मिली है। बताया जाता है कि यहां पर एक चिन्गारी से दर्जनों किसानों के खेतों में खड़ी सौ एकड़ से भी अधिक की गेंहू फसल को जलाकर खाक कर दिया गया है। खेतों में खड़ी हुई गेंहू फस्ल में आग कैसे लगी यह बात तो अभी तक स्पष्ट नही हो पाई है। मगर बताया जाता है कि रात दिन एक करते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा तैयार की गई गेंहू फस्ल कटने के लिये खड़ी हुई थी। इस दौरान तेज तपती हुई दोपहरी के बीच अचानक एक खेत में आग लगी और जब तक अन्य दूसरे किसान कुछ सोचते हुये आग पर काबू पाने में सफल होते इसके पहले ही आग ने अपना विकराल रूप धारण करते हुये आसपास के अन्य किसानों के खेतों की गेंहू फसल को अपने आगोश में ले लिया गया।

इस तरह बेबस अन्नदाता अपने खेतों में खून पसीने से तैयार की गई फसल को बर्बाद होते हुये देखने लिये मजबूर हो रह गया था और देखते ही देखते एक सैकड़ा से भी अधिक एकड़ की गेंहू फसल जलकर खाक होने से नही बच पाई। क्योंकि जब यह घटना घटित हुई उस दौरान दुर्गा नवमी सहित राम नवमी होने के कारण अधिकांश लोग अपने घरों में पूजन पाठ करने में जुटे हुये थें तो दूसरी ओर हवा का रूख भी तेज होने के कारण आग को एक खेत से दूसरे खेत तक पहुंचने में देर नही लगी और देखते ही देखते किसानों की फसल खाक होते चली गई और इस फसल को लेकर अन्नदाता द्वारा संजोये गये सपने धूमिल होते हुये किसानों की आंखों में आंसू ला दिये..। क्योंकि अपने खेत में फसल बोने के बाद किसान द्वारा उसे तैयार करने में किटों से बचाव को लेकर लागत लगाने के साथ साथ कितनी मेहनत की जाती है। इस बात का अंदाजा सिर्फ माटी पुत्र किसान ही लगा सकता है। दिन रात एक करते हुये तैयार की गई फसल यदि उसी की आंखों में सामने आग में जलकर बर्बाद होते हुये दिखाई दे रही हो तो निश्चित ही उसकी आंखों में आंसूओं की आंधी आने से नही चूक पाते है। यह सच्चाई सिर्फ वही किसान समझ सकता है जो इस तरह की बर्बादी का सामना करता है। आरती चौकसे, आजाद चौकसे, अभिषेक चौकसे के खेत की10 एकड़ में लगी गेंहू फसल, शीला बाई चौकस, उमाशंकर चौकसे, मनोज चौकसे, गौरव चौकसे, कमलेश चौकसे, संजय चौकस ईश्वर चौकसे की 14 एकड़, देवेंद्र राय, हरिशंकर राय की 5 एकड़ सहित किसानों की गेंहू फसल जलकर खाक हुई है। इस तरह घटित हुई घटना में किसानों के खेतों में खड़ी हुई गेंहू फसल के साथ साथ खेतों में बने हुये नलकूपों पर रखे हुये सिंचाई पाईपों के आलवा अन्य प्रकार की सामग्री भी जलने के चलते मानों घटना ने अन्नदाता के लिये पूर्णरूप से बर्बाद कर दिया गया है। इस तरह खेतों में लगी हुई आग पर अलग अलग जगहों से बुलाई गई फायर बिग्रेडों के आलवा किसानों द्वारा तैयार किये गये अपने सिंचाई संबंधी यंत्रों के माध्यम से बड़ी मुश्किलों के बीच आग पर काबू पाने में सफलता हालिस की गई। मगर इसके बाद भी दर्जनों किसानों की गेंहू फसल बर्बाद होने से नही बच पाई है।

# भय प्रकट कृपाला.., दीन दयाला..के स्वरों से गूंजे मंदिर, भगवान श्रीराम की शोभायात्रा के दौरान चारो ओर एक ही आवाज सुनाई पड़ी, हर घर में एक ही नाम एक ही नारा गूंजेगा, अब बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम ..













**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

वैसे तो देखा जावे तो बीते हुये शुक्रवार को संपूर्ण भारत वर्ष में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की धूम देखने मिली है। मगर गाडरवारा शहर में इस मौके पर चारो ओर से सिर्फ एक ही आवाज सुनाई पड़ रही थी कि हर घर में एक ही नाम एक ही नारा गूंजेगा, अब बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम .... के नारो से मानों संपूर्ण शहर भक्ति की गंगा में लीन हो गया है। वही लोगों के घरों से भय प्रकट कृपाला.., दीन दयाला के मधुर स्वर सुनाई देने से नही चूक रहे थें। इस तरह राम नवमी व दुर्गा नवमी के विशेष संगम के अवसर पर माँ जगत जननी व मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का जो संगम देखने मिला है उसके चलते नगरवासियों में भक्ति की लहर ने मानो और पूर्णरूप से लीन कर लिया था। क्योंकि सुबह से ही जहां देवी मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गया था और 9 बजे से जिस प्रकार जवारों का विसर्जन क्रम चालू हुआ तो सारे दिन शहर की सड़को पर माता रानी के जबारे लेकर महिलाये देवी की आराधना में दिखाई पड़ रही थी तो दूसरी ओर शहर के राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भय प्रकट कृपाला दिन दयाला... माता कौशिल्या हितकार... के बचान लोगों के कानों में अमृत की वर्षा करते हुये दिखाई पड़ रहे थें। वही दूसरी ओर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के छिडाव घाट स्थित मंदिर से शाम भव्य शोभा यात्रा निकलनी थी। उसके चलते संपूर्ण नगर इस तरह प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि मानों संपूर्ण शहर भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन होकर रह गया है। इस तरह धूमधाम के साथ निकाली गई इस शोभा यात्रा के दौरान सजे हुये रथ में भगवान श्रीराम व माता सीताजी सहित लक्ष्मण जी विराजमान होकर मानव जीवन को क्षण मात्र में संकट से मुक्ति प्रदान करने वाले राम दूत हनुमान सारथी के रूप में नजर आ रहे थें। वही दूसरी ओर सुसज्तित अन्य रथो पर जहां अनेक प्रतिमाओं को विराजमान किया गया था। वही दूसरी ओर अलग अलग जगहों से बुनाये गये प्रदर्शनकारी लोगों द्वारा इस शोभायात्रा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये लोगों का मन मोहने से नही चूक रहे थें। इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल महिलाओं की टीम द्वारा जिस प्रकार से अखाडा सहित अन्य प्रकार के प्रदर्शन को देखते हुये नगर पूर्णरूप से आयोध्या नगरी के समान दिखाई देते हुये जान पड़ रहा था। नगर के नदी मुहल्ला छिडाव घाट मंदिर में विधि विधान के साथ पूजन अर्चन उपरांत शुरू हुई यह शोभायात्रा पुरानी चौकी से निकलते हुये चांवडी रोड, महावीर भवन होते हुये श्याम टाकीज, पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी होते हुये सराफा बाजार मार्ग से गुजरते हुये झंडा चौका पहुंचकर चौकी मार्ग से निकलकर शुभारंभ स्थल पर देर रात तक पहुंच पाई थी। इस तरह भक्तों द्वारा सजाई गई भगवान श्रीराम की झांकी का नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह लोगों द्वारा स्वागत करते हुये भगवान श्रीराम का पूजन व अभिषेख कर आर्शीवाद लिया गया। इस तरह शाम के समय शुरू हुई यह शोभा यात्रा देर रात की चलती रही तो दूसरी ओर नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर व नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा शोभायात्रा के दौरान पैनी नजर रखते हुये लोगों की गतिविधियों की निगरानी करते हुये देखी गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सालीचौका में भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हुये शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जो नगर के प्रमु मार्गो से होते हुये श्री राधे कृष्ण मंदिर पहुंचकर समापन हुआ। इसी प्रकार से सांईखेड़ा, बारहाबड़ा, खुलरी, सिंहपुर छोटा, कौड़िया खुलरी, भौरझिर, सिहोरा, घघरौला, लिलवानी, पलोहा बड़ा, सड़ूमर सहित अनेक जगहों पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

# दुर्गा नवमी के मौके पर देवी मंदिरों में धूम, देर रात तक चलतें रहें हवन पूजन सहित कन्या भोज के आयोजन, धूमधाम से हुआ जबारों का विसर्जन









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस तरह मातारानी की आराधना में भक्तजनों को लगातार नौ दिनों से लीन देखा गया मगर जब उनकी बिदाई का समय आया तो भक्तों के चेहरों में इस बात को लेकर मायूसी छाते हुये दिखाई पड़ी की अब उनकी मातारानी जाने वाली है। इसी के चलते नवरात्र के अंतिम दिवस यानि की दुर्गा नवमी के मौके पर जहां शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उतड़ते हुये दिखी गई तो दूसरी ओर जहां तहां देर रात तक हवन पूजन होते हुये दिखाई भी दिये। इस तरह नवरात्र के अंतिम दिवस व विदाई की बेला में मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखने मिली ओर जगह जगह कन्या भोज के आयोजन होते हुये देखे गये। क्योंकि मान्यता के अनुसार नवरात्र में देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन करने व उन्हें भोजन कराने से माँ जगत जननी का आर्शीवाही प्राप्त होता है। क्योकि कन्या माँ जगदम्बे का रूप ही होती है। वही दूरी ओर नगर में अनेज जगहों पर सार्वजनिक तथा लोगों द्वारा अपने देवी मठो पर रखे हुये जबारों का विसर्जन होने का सिल सिला जिस प्रकार सुबह नो बजे से शुरू हुआ तो देर रात तक चलते हुये देखा गया। इस तरह नगर में बडे ही धूमधाम के साथ जबारों का विसर्जन किया गया। जबारों विसर्जन के लिये आये हुये पंडो द्वारा जिस प्रकार से अपने गालों में त्रिशूल आर पार करते हुये प्रदर्शन किया वह पूर्ण रूप से लोगों के लिये जहां आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूका तो पूरे शहर में मातारानी के जयकारें लगते हुये देखे गये।

# संकल्प समाधान शिविर में पहुंचे शिक्षा मंत्री, पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तत्परता से मिले- मंत्री उदय प्रताप सिंह









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए तत्परता से कार्य किए जा रहे हैं, जिससे छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिणाम सामने आते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसे अनेक लोगों ने आत्मसात किया है। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है, जो आगामी जून माह तक संचालित होगा। इस अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। जल संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताई। सरकार द्वारा नदियों, झरनों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है। गंदे पानी को नदियों में जाने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री द्वारा सभी से संकल्प लेने की अपील की कि जल की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करें। मंत्री सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल पात्र की व्यवस्था करना भी आवश्यक है। यदि एक व्यक्ति भी जल पात्र रखता है, तो अनेक पक्षियों को पानी मिल सकता है और उनका जीवन सुरक्षित रह सकता है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हम सभी को मिलकर जल संरक्षण के लिए कार्य करना है। जल संरचनाओं का निर्माण, पुराने कुओं, बावड़ियों एवं तालाबों की साफ-सफाई और मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाने चाहिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि गाडरवारा स्थित पीजी कॉलेज के पास तालाब निर्माण कार्य को लक्ष्य बनाकर जून माह तक पूर्ण करें। साथ ही ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां वर्षा पूर्व पौधरोपण किया जा सके। यह विचार मंत्री उदय प्रताप सिंह नगर में आयोजित अनुभाग स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान शिविर में व्यक्त किये गये। इस दौरान उन्होंने यहां शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित किया। इस मौके पर मौजूद अन्य अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजनांतर्गत 10 हितग्राहियों, संबल 2.0 के तहत अनुग्रह सहायता राशि के तहत 23 हितग्राहियों, राष्ट्रीय परिवार सहायता के 5 हितग्राहियों को लाभांवित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में 455 दिव्यांग हितग्राहियों को 1931 सहायक उपकरणों का वितरण कर हितलाभों से लाभांवित किया। आयोजित शिविर में कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 92 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। वही शेष आवेदनों का निराकरण तत्परता से करने की कार्यवाही जारी है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, नव नियुक्त अनुसूचित जाति भाजपा जिला अध्यक्ष कमल खटीक के आलवा गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित अभियानों में हमें अपनी भूमिका तय करने की आवश्यकता है। हमें ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए कि हम पूरी तरह से स्वस्थ और सक्षम हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम असहाय एवं दिव्यांगजनों की मदद करें। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा और वे खुशी के साथ अपने घर जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है और बच्चों को देखकर जो खुशी मिलती है, वह अनेक बीमारियों का निदान है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिलता है और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है। जिन लोगों को योजनाओं की जानकारी नहीं है, उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाए, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति लाभांवित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर लाड़ली बहनों के बैंक खातों में राशि अंतरण की जाती है। राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए धरातल स्तर पर कार्य कर रही है। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने संचालित संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों के बारे में अवगत कराते हुये कहा कि शिविरों के माध्यम से कृषकों की सहूलियत के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। संकल्प से समाधान अभियान के साथ-साथ जल गंगा संवर्धन अभियान और जन संचय-जन भागीदारी अभियान के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी देते हुये उन्होंने बताया कि इन अभियान के अंतर्गत वर्षा जल का संचय किया जाना है तथा "खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में" की अवधारणा को साकार करने का प्रयास है। जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनें और जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करें। माँ नर्मदा जी की कृपा एवं सहायक नदियों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है, फिर भी गिरते जल स्तर को लेकर सभी को चिंतित होने और जल संरक्षण के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। शासन का प्रयास है कि अभियान के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित किया जाए। इसके लिए सोकता गड्ढों, तालाबों आदि का निर्माण किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। साथ ही जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

# नल जल योजना ठप, ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरसे

**शहपुरा। शहपुरा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंढा में करोड़ों रुपए की नल जल योजना अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। करीब 3000 की आबादी वाले इस गांव में शासन द्वारा पानी की टंकी बनाकर पाइपलाइन के माध्यम से घर घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी लेकिन योजना का लाभ आज तक ग्रामीणों को नहीं मिल सका है।**

ग्रामीणों के अनुसार योजना पूर्ण हुए कई वर्ष बीत चुके हैं लेकिन अब तक केवल एक दिन ही पानी की सप्लाई की गई है। पीएचई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीण आज भी पानी के लिए परेशान हैं और झिरिया कुआं तथा हैंडपंप के पानी पर निर्भर हैं।गांव में मात्र दो हैंडपंप हैं जिनमें से एक ही चालू हालत में है जबकि दूसरा खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पानी की आपूर्ति ही नहीं करनी थी तो करोड़ों रुपए खर्च कर पानी की टंकी क्यों बनाई गई। यह टंकी अब केवल शोपीस बनकर रह गई है।इस संबंध में पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।



## ग्राम निघौरी में निःशुल्क प्याऊ का किया गया शुभारंभ



**डिंडोरी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे एवं जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में 27 मार्च को चयनित नवांकुर संस्था जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण समिति समनापुर रैयत के तत्वाधान में सेक्टर क्रमांक 05 भानपुर के ग्राम पंचायत निघौरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निशुल्क प्याऊ (जल मंदिर) का शुभांरभ ग्राम पंचायत सरपंच शोभाराम धुर्वे, मोबिलाइजर दलबीर सिंह धुर्वे की उपस्थिति में किया गया। निःशुल्क प्याऊ का संचालन स्थानीय समिति द्वारा किया जाएगा। प्याऊ की खुलने से राहगीर निशुल्क ठंडा एवं शुद्ध पानी पी सकेंगे। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार मरावी एवं प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## ग्राम पारापानी में प्याऊ का शुभारंभ जल सेवा और समरसता का संदेश



**डिंडौरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पारापानी स्थित काली मंदिर परिसर में प्याऊ जल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्थापित इस प्याऊ से राहगीरों को शीतल पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी।इस अवसर पर मंदिर परिसर की साफ सफाई भी की गई तथा कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुशीला ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।प्याऊ का शुभारंभ डॉ जयंत सिंह जी द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था नई किरण प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री कृष्ण साहू ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्री जितेंद्र परते तथा प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष तामेश्वर साहू सोहन मरकाम और मंदिर के पुजारी सहित समिति के सदस्य एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।यह आयोजन जल संरक्षण सेवा और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायक संदेश देता है।

### डिंडोरी के युवा फिल्मकार सत्या परधान ने रचा इतिहास

## अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल सिनेब्रेशन 3.0 में डॉक्यूमेंट्री को प्रथम पुरस्कार

**डिंडोरी।** जिले के युवा फिल्मकार सतपाल सिंह पंद्राम सत्या परधान ने अपनी प्रतिभा और समर्पण के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल सिनेब्रेशन 3.0 में उनकी स्वतंत्र डॉक्यूमेंट्री फिल्म GUDUM A Folk Drum को डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है जिससे जिले का नाम रोशन हुआ है।इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में देश विदेश से लगभग 75 फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं जिनमें से 25 फिल्मों का चयन मुख्य समारोह में प्रदर्शन के लिए किया गया। सत्या परधान की फिल्म ने न केवल चयनित फिल्मों में स्थान बनाया बल्कि सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का खिताब भी अपने नाम किया।



यह फिल्म डिंडोरी के पारंपरिक वाद्य यंत्र गुडुम और उससे जुड़ी लोक संस्कृति पर आधारित है। अपनी पहली स्वतंत्र डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सत्या परधान ने आदिवासी समाज की कला परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया है।आदिवासी बहुल क्षेत्र से निकलकर फिल्म निर्माण के क्षेत्र में पहचान बनाना आसान नहीं रहा लेकिन लगातार प्रयास और अपनी संस्कृति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की दृढ़ इच्छा ने उन्हें यह सफलता दिलाई है।

इस उपलब्धि से जिले के युवाओं में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है। सत्या परधान का कहना है कि डिंडोरी में प्रतिभाओं और कहानियों की कमी नहीं है और यदि शासन प्रशासन का सहयोग मिले तो जिले से और भी प्रतिभाशाली फिल्मकार सामने आ सकते हैं।उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं बल्कि उन सभी कलाकारों की है जो आज भी डिंडोरी की समृद्ध कला संस्कृति को संजोए हुए हैं।

## शौचालय भवन में बन रहा आंगनवाड़ी बच्चों का भोजन, लापरवाही उजागर

**शहपुरा।** डिंडोरी जिले के शहपुरा जनपद क्षेत्र से एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों का भोजन शौचालय भवन के अंदर तैयार किया जा रहा है। यह मामला ग्राम पंचायत देवगांव के पोषक ग्राम डोमदादर का है जिसने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए भोजन बनाने हेतु कोई किचन शेड उपलब्ध नहीं है। हैरानी की बात यह है कि इस समस्या के समाधान के बजाय लंबे समय से शौचालय भवन को ही रसोई के रूप में उपयोग किया जा रहा है। स्वच्छता और पोषण जैसी आवश्यकताओं की अनदेखी करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों और विभाग को शिकायत की गई लेकिन अब तक न तो स्थायी व्यवस्था की गई और न ही किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई हुई। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या अधिकारियों ने कभी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया या फिर पूरे मामले को नजरअंदाज किया गया।

इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी विपिन डेहरिया शहपुरा से चर्चा की गई तो उन्होंने जांच कराने की बात कही है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच केवल कागजों तक सीमित रहती है या फिर बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई की जाती है।फिलहाल यह मामला प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय उदासीनता को उजागर करता है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर विषय पर कब संज्ञान लेते हैं और व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम उठाते हैं।

## बस ने ऑटो को मारी टक्कर कई घायल दो को डिंडौरी रेफर

**बजाग।** गाड़ासरई गुरुवार की शाम गाड़ासरई के आगे बरगांव में एक बस ने ऑटो को ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई।जानकारी के अनुसार ग्राम बेनीवारी नरदहा से एक ऑटो में सवार लोग ग्राम कोडिया जा रहे थे जबकि गाड़ासरई से एक बस डिंडौरी की ओर जा रही थी। बरगांव के पास ओवरटेक के दौरान बस ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे ऑटो सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।इस हादसे में सूरजमति उम्र 7 वर्ष तितरी बाई उम्र 48 वर्ष भान सिंह आर्मो तथा कुंती बाई यादव उम्र लगभग 30 वर्ष को सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के समय बजाग एसडीएम रामबाबू देवांगन वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तत्काल रुककर घायलों को अपनी गाड़ी से गाड़ासरई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिंडौरी रेफर किया गया।इससे पहले भी बरगांव में दो बाइक की टक्कर के दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगन ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया था जिससे समय पर उपचार मिल सका था।

इस हादसे में 10 महीने की बच्ची शिवानी यादव बाल बाल बच गई जिसे मामूली खरोंच आई है। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है।घटना की सूचना मिलने पर गाड़ासरई पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।





## धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री राम का जन्मोत्सव

शहपुरा

रामनवमी के पावन अवसर पर शहपुरा नगर के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया दोपहर के ठीक 12 बजे ढोल बाजे के साथ भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर विशेष पूजन का कार्यक्रम रखा गया कन्या भोजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया

और सायं काल की बेला में राम जी की भव्य पालकी यात्रा का भ्रमण कराया गया संपूर्ण नगर आज राम मय था सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पालकी यात्रा में सम्मिलित हुये।

## मानिकपुर गांव में भक्ति भाव से विसर्जित किए गए माता के जवारे



**शहपुरा** – शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में 9 दिन तक नवरात्रि के उपरांत माता के जवारे का विसर्जन बड़े ही भक्ति भाव से विसर्जन किए गए। शुक्रवार को बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर स्थानीय नदी तालाब में जवारे का विसर्जन किया गया एवं प्रतिवर्ष अनुसार मानिकपुर के दुर्गा मंदिर व खेरमाता मंदिर मैं चैत्र नवरात्र पर पूरे विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए गए थे। जहां पर शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मां दुर्गा के नो स्वरूप मां का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई है इसके पश्चात महिलाओं को क्रमवृद्ध तरीके से बैठाया गया और कलश महिलाओं को वितरित किया गया व उपरांत महिलाएं सिर पर कलश धारण किए चल रही थी वही जोत जवारे विसर्जन में भक्ति भाव का उल्लास छाया रहा इससे पूर्व महिलाओं ने कलश के साथ दुर्गा मंदिर और फिर माता मंदिर का भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान श्रद्धालु जय जय श्री राम ग्रामीणों में सदभावना हों विश्व का कल्याण हो आदि जयकारे से क्षेत्र में गुंजायमान हो उठा।

## शहपुरा सलैया सड़क हादसे में युवक की मौत एक गंभीर घायल



**शहपुरा।** डिंडोरी जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैया गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ी निवासी पुष्पेंद्र सिंह सैयाम पिता रघुवीर सिंह सैयाम उम्र 21 वर्ष अपने साथी तिलक राज धुर्वे उम्र 16 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सलैया गांव के पास अचानक दुर्घटना हो गई। हादसा इतना भीषण था कि पुष्पेंद्र सिंह सैयाम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि तिलक राज धुर्वे गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 सेवा मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया जहां उसका उपचार जारी है।इस हादसे से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## सूरज साहू को मंडल महामंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, बधाइयों का तांता

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अमरकंटक में संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंडल अध्यक्ष रोशन पनारिया ने जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की सहमति से सूरज साहू को मंडल महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से पूरे नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हर्ष और उल्लास का वातावरण व्याप्त है। सूरज साहू की सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है तथा संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की आशा व्यक्त की जा रही है। इस अवसर पर अमरकंटक के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से अंबिका प्रसाद तिवारी (पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष), रामगोपाल द्विवेदी (पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष), राहुल कुमार पांडेय (पूर्व जिला उपाध्यक्ष), अंजना कटारे (जिला महामंत्री), बबीता सिंह, प्रकाश द्विवेदी (सांसद प्रतिनिधि), रूपेश द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, सुखनंदन सिंह, ऋषभ प्रताप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### खबर संक्षेप

## सोन पुल के नीचे सोननदी में मिली खंडित बुद्ध की पुरातात्विक प्रतिमा

**अनूपपुर।** अनूपपुर नगर के सोन नदी पर स्थित पुल के समीप कलेक्टर निवास के पास सोननदी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रखे गए भगवान बुद्ध की पुरातात्विक मूर्ति जो खंडित स्थिति में दो भाग में रही है की होने की सूचना जनपद पंचायत जैतहरी के पंचायत सचिव अरूण द्विवेदी द्वारा जिला पुरातत्व एवं पर्यटन समिति अनूपपुर सदस्य शशिधर अग्रवाल को दिए जाने पर अग्रवाल द्वारा पर्यटन एवं संस्कृतिक विभाग के प्रभारी उमेश पांडेय के साथ स्थल पर पहुंचकर खंडित मूर्ति को बरबसपुर निवासी श्रीकांत पाण्डेय, मनोहर लाल एवं अन्य के साथ सुरक्षित उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखाया गया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि उक्त मूर्ति अनूपपुर नगर के समीप ग्राम पंचायत परसवार के करहीवाह गांव के किनारे बाबामढी नामक कर्चुली कालीन पुरातात्विक मंदिर के अवशेष वाले स्थल की है जिसे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ला कर सोननदी के बीच में अज्ञात कारणों से रखा गया रहा होगा।

## दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11-11 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**अनूपपुर।** ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11-11 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से 19 अप्रैल से 28 जून तक (11 फेरा) प्रत्येक रविवार को चलेगी, इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, हरिद्वार से 20 अप्रैल से 29 जून (11 फेरा) प्रत्येक सोमवार को चलेगी इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है। 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से प्रत्येक रविवार को 11.00 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 11.36 बजे, प्रस्थान 11.41 बजे, भाटापारा आगमन 12.28 बजे, प्रस्थान 12.30 बजे, उसलापुर आगमन 13.45 बजे, प्रस्थान 13.55 बजे, पेंड्रारोड आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, अनूपपुर आगमन 15.53 बजे, प्रस्थान 15.55 बजे, शहडोल आगमन 16.35 बजे, प्रस्थान 16.45 बजे एवं उमरिया आगमन 17.33 बजे, प्रस्थान 17.35 बजे तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन सोमवार को 17.30 बजे हरिद्वार स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से प्रत्येक सोमवार को 18.55 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया आगमन 18.44 बजे, प्रस्थान 18.46 बजे, शहडोल आगमन 19.45 बजे, प्रस्थान 19.55 बजे, अनूपपुर आगमन 20.33 बजे, प्रस्थान 20.35 बजे, पेंड्रारोड आगमन 21.10 बजे, प्रस्थान 21.12 बजे, उसलापुर आगमन 23.40 बजे, प्रस्थान 23.50 बजे, तीसरे दिन भाटापारा आगमन 00.40 बजे, प्रस्थान 00.42 बजे, रायपुर आगमन 01.40 बजे, प्रस्थान 01.45 बजे तथा बुधवार को 03.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

## अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त, दो चालक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भालूमाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अवैध रेत जब्त कर दो आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च की रात छिडमिडी-भाद मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक बिना नंबर के नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर को रोककर जांच की गई, जिसकी ट्रॉली में करीब 3 घन मीटर अवैध रेत लोड पाई गई। वाहन चालक रामपाल चंद्रा (26 वर्ष) निवासी लोहारी थाना मरवाही जिला जीपीएम (छत्तीसगढ़) बिना टीपी के सोन नदी के शिव घाट बरौर से रेत ले जाकर ग्राम भाद ले जा रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## खबर संक्षेप

### पर्युशी मोदी का सुयश



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए प्राथमिक स्कूल के परिणामों में कक्षा 5 सर्वोदय विद्यालय इंग्लिश मीडियम में कु. पर्युशी मोदी पिता श्रीकांत मोदी ने 86 प्रतिशत ए प्लस अंक प्राप्त किए हैं।पर्युशी की इस सफलता पर शुभचिंतकों एवं शिक्षकों एवं परिजनों ने बधाइयां प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### किशोर बामनकर होंगे तेंदूखेड़ा नगर निरीक्षक

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में पदस्थ बी एल त्यागी का स्थानांतरण पलोहा हो जाने पर उनके स्थान पर नरसिंहपुर लाइन से किशोर बामनकर को नये नगर निरीक्षक का दायित्व सौंपा गया है। गौरतलब रहे कि श्री बी एल त्यागी सहज और काफी गंभीर अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के साथ आपसी विवादों को मिल बैठकर सामाजस्य पूर्ण तरीके से समझाने के लिए एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। अब नवागत नगर निरीक्षक के सामने भी अनेक चुनोतियां होंगी जिन पर लगाम लगाने की दिशा में कितने सफल हो पाते हैं यह इनकी कार्यशैली पर निर्भर करेगा।

### भए प्रगट कृपाला दीनदयाला



**तेंदूखेड़ा।** चैत्र मास की नवमीं तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव दोपहर 12 बजे धूमधाम से मनाया गया।नगर के प्रतिष्ठित सभी मंदिरों श्री राम जानकी मंदिर बाजार मुहल्ला नगरिया मंदिर नायक मंदिर पुजारी मुहल्ला स्थित श्री लक्ष्मीनारायण देव राधाकृष्ण तथा गोपाल लाल मंदिर में दोपहर 12 बजते ही घंटा शंख मंगल ध्वनि यंत्रों के बीच जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने स्तुति करते हुए आरती के साथ श्री राम नाम संकीर्तन किया गया।प्रसाद वितरण किया गया।एक दिन पूर्व से ही मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई।वंदन तोरणद्वार विद्युत साज सज्जा से मंदिरों को सजाया गया। जगह जगह विविध आयोजन हुये। समीपी ग्राम इमझिरा में भी श्री राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर जन्मोत्सव में भाग लिया।

### नरसिंह शिक्षा संकल्प पुस्तिका का किया विमोचन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंह शिक्षा संकल्प हमारे शिक्षक, हमारे प्रेरणा स्रोत के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। यह पुस्तिका शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में डाइट नरसिंहपुर द्वारा पीपुल संस्था के सहयोग से तैयार की गई है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने कहा कि ऐसे प्रयासों से शिक्षकों के नवाचारों को पहचान मिलती है और अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने पूरी टीम एवं जिले के समस्त शिक्षकों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तिका में जिले के उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षकों के उल्लेखनीय प्रयासों और योगदान को संकलित किया गया है, जो न केवल शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी, बल्कि शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

### दो सेक्टर पर्यवेक्षकों के वेतन काटने के निर्देश

# कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी राधेश्याम वर्मा, सहायक संचालक सुश्री प्रांजली मर्सकोले सहित समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक पोषण अभियान सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में पोषण ट्रेकर के अनुसार फरवरी माह के नवीन चिन्हित सेम मेम एसयूडब्ल्यू का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत विभागीय राज्य स्तरीय पोर्टल पर चिन्हांकन 30 प्रतिशत से कम प्रगति की समीक्षा की गई।

### वेतन काटने के दिए निर्देश

सेक्टरवार समीक्षा उपरांत सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीनगर सुमनतला दोहिया 23.81 प्रतिशत व सेक्टर पर्यवेक्षक-2 नमिता कौरव 20.83 प्रतिशत पाए जाने पर, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सभी सीडीपीओ टीएचआर पैकेट का स्टाक पर प्रत्येक माह की एक से 10 तारीख तक उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियत समय में टीएचआर पैकेट हितग्राहियों के वितरण के लिए उपलब्ध कराया जा सके। स्टाक की उपलब्धता की प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में लिखित रूप से जिला कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए। पोषण ट्रेकर में गर्म पका भोजन माह मार्च 2026 एंट्री की समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चों की उपस्थिति के अनुसार ही सही जानकारी दर्ज की जाए। आगामी बैठक में गलत एंट्री दर्ज करने वाले केन्द्रों, सेक्टर परियोजना के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शतप्रतिशत ई-केवायसी के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने एफआरएस की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए छूटे हितग्राहियों की शतप्रतिशत ई-केवायसी एवं फेस कैप्चर पूर्ण करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज प्रत्येक हितग्राहियों के शतप्रतिशत आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्री स्कूलों में दर्ज हितग्राही एवं गर्म पके भोजन में दर्ज हितग्राहियों में एक रूपता लाने के निर्देश भी दिए। आगामी बैठक के पूर्व लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत समग्र सत्यापन ई-केवायसी, डीबीटी का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। मातृ वंदना योजनांतर्गत करेली, गोटेगांव एवं नरसिंहपुर परियोजना की प्रगति शतप्रतिशत से कम पाए जाने पर 3 दिवस में शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान स्पासंरशिप योजनांतर्गत कुल 216 प्रकरणों में फॉलोअप किया गया है। कलेक्टर ने एक सप्ताह में शेष फॉलोअप को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### मातृ वंदना योजना की समीक्षा

एनआरसी में माह मार्च 2026 में 99 बच्चे भर्ती किए गए है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की समस्त एनआरसी में बैड पूरी तरह भरे हुए होना चाहिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत 513 शिकायतें दर्ज हैं, इनमें सर्वाधिक चांवरपाठा में 125 व नरसिंहपुर में 122 शिकायतें दर्ज हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों को मातृ वंदना योजना की राशि का भुगतान होने पर शिकायतों को बंद करना सुनिश्चित करें। इसी तरह लाड़ली बहना योजनांतर्गत सर्वाधिक 171 नरसिंहपुर व 148 चांवरपाठा में दर्ज है। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी परियोजना अधिकारी भुगतान वाली शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराया जाए। सभी सुपरवाईजरों का विभागीय योजनाओं एवं पोषण ट्रेकर का प्रशिक्षण आयोजित करवाने के निर्देश भी दिए।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के. चैधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आयोजित बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जहां पंजीयन कम है, वहां आशा कार्यकर्ता और एएनएम के माध्यम से सर्वे कराकर शत-प्रतिशत पंजीयन कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसी प्रकार से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 प्लस श्रेणी में उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, लेकिन पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, उनकी सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए जिससे उक्त जानकारी प्रदर्शित किया जा सके।कलेक्टर ने कहा कि जिन ब्लॉकों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। उन शिविरों में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट विकासखंड स्तर से जिला कार्यालय को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारियों को सप्ताह में दो से तीन दिन अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट करने और अपना अग्रिम दौरा कार्यक्रम जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं और योजनाओं का संचालन बेहतर ढंग से हो सके।

### 76 हितग्राहियों को 378 सहायक उपकरण वितरित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भारत सरकार की एडीआईपी एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बुधवार को नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम मुंगवानी में शिविर सम्पन्न हुआ। विधायक श्री नागेश व अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिविर में पूर्व में चिन्हांकित 76 दिव्यांग हितग्राहियों को 378 सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर में हितग्राहियों को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण प्रदान कर उनके जीवन को सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलापथक दल द्वारा ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। विधायक श्री नागेश ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं उनका सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है।

## जय अम्बे ट्रस्ट द्वारा आयोजित देवी जागरण में दी प्रस्तुति




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आराधना कार्यक्रम आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर द्वारा मां की भक्ति गीतों की प्रस्तुति सदर मढिया प्रांगड़ में दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जवारे समिति के अध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी के द्वारा ग्रुप के सभी साथियों का माता की चुनरी डाल कर अभिनंदन किया इस अवसर पर पार्षद श्रीमति अनुराधा नामदेव ने मातृशक्ति को तिलक, चुनरी डाल का वंदन किया। कार्यक्रम का श्री गणेश भगवान प्रथम पूज्य विनायक वंदना भागीरथ विश्वकर्मा के द्वारा एवं कार्यक्रम का सफल संचालन बहिन भारती कौरव के द्वारा किया गया। कार्यकम में माधव शिंद्रे, विजय पटेल, अनिल नेमा, बृजेश विश्वकर्मा, विश्वनाथ ठाकुर, अरविंद पाठक, गजेंद्र कोष्ठा, विकास हार्दिक नेमा, राजमणि विश्वकर्मा, आशीष पाठक सुश्री सुनीता झरिया, सुश्री मनीषा ठाकुर, नीलू बरडिया, सीमा दीक्षित सुश्री श्रुति नेमा, आदि कलाकारों के द्वारा सुमधुर देवगीत प्रस्तुत किए गए। आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर को संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सामूहिक जवारे समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आभार आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर के मुकेश शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक जवारे उत्सव समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### स्ट्रा रीपर मशीन से भूसा बनाने का कार्य जारी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के किसानों को फसल कटाई के पश्चात डंढलों फसल अवशेष नरवाई में आग न लगाने और इसके लिए वैकल्पिक कृषि पद्धतियों का अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में नरवाई प्रबंधन को लेकर जिले के विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम धमना में अधिकारियों ने भ्रमण किया। इस दौरान किसानों को नरवाई न जलाने और इसके लिए वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान कृषक सोनू पटेल ने अपनी लगभग 25 हेक्टर कृषि भूमि में गेहूं की फसल लगाई थी। फसल कटाई के बाद कृषक श्री पटेल ने स्ट्रा रीपर मशीन के माध्यम से भूसा बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके पश्चात सुपरसीडर मशीन से मूंग एवं उड़द की बोनी की जाएगी। कृषक श्री पटेल ने बताया कि वे नरवाई नहीं जलाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है तथा पानी की बचत भी होती है।

## मकान बेचने के विवाद पर पति ने पत्नी पर किया हंसिए से हमला

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत महिला पर पति ने हसिया से जानलेवा हमला कर दिया। उक्त संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार मकान बेचने के विवाद को लेकर पति ने हमला किया। पीड़िता रानू राजपूत उम्र 30 वर्ष ने बताया कि उसने हाल ही में 10 फरवरी को अपने मायके पक्ष की मदद से एक मकान खरीदा था, जिसे उसका पति दीपक राजपूत बेचना चाहता था। ससुराल पक्ष के उकसावे में आकर पति लगातार मकान बेचने का दबाव बना रहा था। मकान बेचने से इनकार करने पर दोनों के बीच फोन पर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी ने घर के अंदर रखे हंसिए से रानू पर हमला कर दिया। हमले में घायल महिला किसी तरह अपने बच्चों को साथ लेकर करेली थाने पहुंची और आपबीती सुनाई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## रंगमंच केवल कला नहीं, जीवन का है दर्पण: ऐश्वर्य



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मनोरंजन के आधुनिक साधन और डिजिटल स्क्रीन का शोर बढ़ गया है, तब भी रंगमंच अपनी जीवंतता और सादगी के साथ समाज को राह दिखा रहा है। श्विश्व रंगमंच दिवसश के अवसर पर रंगकर्मी ऐश्वर्य दुबे ने रंगमंच की महत्ता और वर्तमान परिदृश्य पर अपने विचार साझा किए। ऐश्वर्य दुबे का मानना है कि रंगमंच सिर्फ संवाद अदायगी या अभिनय नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहाँ एक कलाकार दर्शकों के सामने अपनी आत्मा को खोलकर रख देता है। उन्होंने कहा, ष्सिनेमा और ओटीटी के दौर में भी थिएटर का जादू इसलिए बरकरार है क्योंकि यहाँ कलाकार और दर्शक के बीच कोई शिफल्टरश नहीं होता। यहाँ हर सांस और हर भावना सीधे हृदय तक पहुँचती है। आज के युवाओं में थिएटर को लेकर एक नई अलख जागी है। हालांकि, संसाधनों की कमी और व्यावसायिकता के अभाव जैसी चुनौतियाँ अभी भी बरकरार हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अभिनय सीखने के साथ-साथ रंगमंच के अनुशासन को भी अपनाएँ। इस वर्ष की थीम पर बात करते हुए ऐश्वर्य ने जोर दिया कि रंगमंच शांति और संस्कृति का अग्रदूत है। उन्होंने कहा रंगमंच हमें एक बेहतर इंसान बनना सिखाता है। यह हमें सहानुभूति और सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है।

## माता सिंह वाहिनी मंदिर में 1001 दीपों से माता की महा आरती जगमगा रहे मनोकामना ज्योति कलश जवारे



**नरसिंहपुर।** नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक चलने वाला यह पर्व हर साल की तरह इस बार भी लोग देवी मां के नौ रूपों की पूजा अर्चना में लीन रहें। माता सिंहवाहनी मंदिर में मनोकामना ज्योतिः कलश जगमगा रहे हैं। मंदिर में आस्थावान श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। माता की भक्ति में भक्त लीन है, इस नवरात्र पर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर में माता सिंहवाहिनी और ज्योति कलश का दर्शन करने भक्त सपरिवार पहुंच रहे हैं। मंदिर में रोजाना भक्तिभाव के साथ आस्था पूर्वक माता की भव्य आरती और श्रृंगार किया जाताहे 1991 से पंडित नारायण प्रसाद मिश्रा जी के द्वारा बिना कोई सेवा शुल्क के माता जी के दरबार में सेवाएं प्रदान की जा रही है जो की निस्वार्थ सेवा का एक उदाहरण है जवारी स्थापना में पवन सेन को पांडा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ महिला और पुरुष मंडली द्वारा सुबह शाम मां के दरबार में मधुरमय जस, गीत गायन किया जा रहा है। महाअष्टमी 1001 दीपों से भव्य एवं दिव्य महा आरती महाप्रसादी के साथ कन्या पांव पूजन व कन्या भोज।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जलमंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ



**गोटेगांव ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर स्थानीय श्रीदेव गौरीशंकर मंदिर गोटेगांव में वार्ड पार्षद मनीष जैन द्वारा कन्याओं का तिलक लगाकर मीठा खिलाकर एवं दक्षिणा देकर जल मंदिर ((प्याऊ) का शुभारंभ नेहरू वार्ड पार्षद मनीष जैन द्वारा किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और जल संर्वधन को बढ़ावा देना है।हाल ही में इस अभियान का शुभारंभ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी एवम्‌ मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डा० मोहन यादव ने जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री कुमार गुप्ता चौ मोहित जैन पूर्व पार्षद दयाशंकर चौरसिया अखिलेश जैन अशोक सोनी गोटी भाई बबलू गुप्ता मुकेश गुप्ता पूनम चंद नेमा अमित सोनी शैलेंद्र गुप्ता कान्हा सोनी संदेशजैन दीपक पटवा शिवांश सोनी राजा भाईजान शैलु जैन काव्यागुप्ता स्नेहा गुप्ता आर्य अग्रवाल पीहू पगारे एवं नन्हे मुन्ने बच्चों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एस डी एम के खिलाफ अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा ।** गुरुवार को तेंदूखेड़ा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने तेंदूखेड़ा में पदस्थ अनु विभागीय अधिकारी राजस्व के खिलाफ कलेक्टर के नाम संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि एस डी एम द्वारा पक्षकार एवं अधिवक्तागण के प्रति अभद्र व्यवहार किया जा रहा है । और लगातार प्रकरणों की सुनवाई भी नहीं की जाती है। न ही उनका निराकरण किया जाता है। रिकार्ड दुरूस्ती जैसे अतिआवश्यक मामलें इनके पदस्थापना दिनांक से ही आदेशार्थ हेतु नियत है जिनका निराकरण अभी तक नही हुआ है और कुछ रिकार्ड दुरुस्ती संबंधित प्रकरण अभी तक दर्ज ही नहीं है। पेशी सुनवाई पर डाइस के समक्ष अधिवक्तागणों को उनके पक्षकार के समक्ष जलील किया जाता है । वकीलों को बाहर रहने तथा केवल पक्षकार को ही सुनने को कहा जाता है। पक्षकारों को अपने चेंबर में बुलाकर प्रकरण के संबंध मे साठ गांठ की जाती है और पक्षकारों को बोला जाता है कि आपको अपने प्रकरण में अधिवक्ता की आवश्यकता नहीं है। प्रकरणों की सुनवाई के दौरान अधिवक्तागणों को कोर्ट रूम के अंदर बैठने से मना किया जाता है एवं कहा जाता है कि सभी अधिवक्तागण कोर्ट से बाहर रहेंगे ।जब बुलाया जायेगा तब कोर्ट रूम अन्दर आयेगें। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से उन्हें न्याय दिलाया जाये।